दिन— शनिवार दिनांक— 03 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा के पवित्र अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

02 राज्य सरकार सात निश्चय योजना के तहत बुर्जुग नागरिकों को उनके घरों तक पहुंचायेगी स्वास्थ्य सुविधाएं।

03. भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पटना उच्च न्यायालय में विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। कल अधिकांश जिलों में शीत दिवस की चेतावनी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधति पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी की थीम है – प्रकाश और कमल : जागृत व्यक्ति के अवशेष। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध से संबंधित प्रदर्शनी के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और प्रदर्शनी की सूची का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग और ज्ञान समस्त मानवता के लिए है और उनके पवित्र अवशेष देश की विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि एक सदी से अधिक के लम्बे इंतजार के बाद ये अवशेष भारत लौटे हैं।

–––बाइट–––

भगवान बुद्ध के पवित्र रेलिक्स को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। इनका भारत से बाहर जाना और लौटकर फिर भारत आना यह दोनों ही पड़ाव अपने आप में बहुत बड़ा सबक है। सबक यह है की गुलामी सिर्फ राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती गुलामी हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बौद्ध सर्किट का निर्माण किया जा रहा है। बोधगया, सारनाथ, श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाई गयी है।

–––बाइट–––

बोधगया में कन्वेंशन सेंटर और मेडिटेशन वन एक्सपीरियंस सेंटर बनाया गया है। सारनाथ में धमेख स्तूप लाइटें साउंड शो और बुद्ध थीम पार्क का निर्माण किया गया है। श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर में आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया गया है। आज देश में एक बौद्ध सर्किट बनाया जा रहा है, ताकि भारत के सभी बहुत तीर्थ स्थलों की आपस में बेहतर कनेक्टिविटी हो।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सात निश्चय–तीन के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान उद्देश्य के अंतर्गत बुर्जुग नागरिकों को उनके घर पर ही अत्यावश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि बुर्जुगों को घर पर ही ब्लड प्रेशर जांच, ईसीजी और पैथोलॉजी जांच की सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी, नर्सिंग सहायता और आपातकालीन स्थिति में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से इस संबंध में सुझाव भी मांगे हैं।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि न्याय एक मानवीय और नैतिक विचार है, जिसे कठोर नियमों और कानून की किताबों तक सीमित नहीं रखा जा सकता है। आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी, बढ़ते मुकदमों और बढ़ती जटिलता के विवादों की मांगों को पूरा करने के लिए आधारभूत संरचनाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने पटना उच्च न्यायालय में कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

———बाइट———

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पटना उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम से तीन सौ दो करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन बिल्डिंग, ऑडिटोरियम, प्रशासनिक ब्लॉक, मल्टी लेवल पार्किंग, आईटी बिल्डिंग, आवासीय परिसर और अस्पताल भवन शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों के लिए विकसित किये गये प्रौद्योगिकी सक्षम, ईएसीआर न्याय का उद्‌घाटन किया। यह प्लेटफॉर्म न्यायिक अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने गयाजी स्थित न्यायाधीश अतिथि गृह का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्‌घाटन किया। साथ ही उन्होंने पुनपुन स्थित बिहार न्यायिक अकादमी के नये कैंपस का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए और विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के साथ न्यायिक सेवा और संविधान से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी योजना से आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को नई रफ्तार मिलेगी। आकाशवाणी

समाचार से विशेष बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि इससे सात निश्चय योजना– तीन के कार्यान्वयन में भी तेजी आएगी।

———बाइट———

इस पूरी बातचीत को आज रात सात बजकर बावन मिनट से आकाशवाणी, पटना के साप्ताहिक कार्यक्रम सामयिक चर्चा के अंतर्गत सुना जा सकता है।

————————————————————————

उत्तर कोयल नहर परियोजना से इस वर्ष बिहार और झारखंड के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी। औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।

———बाइट———

————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज छह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राज्य के उत्तरी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है। कल अधिकांश जिलों में शीत दिवस की चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट———

इधर, कड़ाके की ठंड को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने पांच जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा पांच तक पठन–पाठन कार्य को बंद करने का आदेश दिया है। वहीं, शिवहर जिला प्रशासन ने छह जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाएं स्थगित रखने का आदेश दिया है।

————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर के जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार को उन्नीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी

उनके चर्च रोड स्थित निजी आवास से हुई है। गिरफ्तार कृषि पदाधिकारी एक संविदा कर्मी से सेवा विस्तार और पुनःयोगदान के बदले रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————

उत्तराखंड की बाल विकास मंत्री के पति द्वारा बिहार की लड़कियों के खिलाफ दिये गये आपत्तिजनक बयान की राजनीतिक दलों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि वे ऐसे बयानों की भर्त्सना करते हैं।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को ऐसे बयान देने से बचने की जरूरत है, जिससे लोगों की भावनाएं आहत होती हो।

———बाइट———

———————————————————————

आज महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनका जीवन सेवा और शिक्षा के माध्यम से समाज के परिवर्तन के लिए समर्पित था। सावित्रीबाई फुले की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

———————————————————————

पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र को इक्यावनवीं पुण्यतिथि पर आज श्रद्धापूर्वक याद किया गया। मुख्य समारोह समस्तीपुर रेल मंडल कार्यालय और उनके शहादत स्थल पर पर आयोजित हुआ, जहां मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा समेत रेल मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ललित बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

सीवान के आर्य समाज मंदिर में महान शिक्षाविद बैजनाथ प्रसाद उर्फ दाढ़ी बाबा की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने दाढ़ी बाबा के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

———————————————————————

बिहार नेत्रहीन परिषद की ओर से लूई ब्रेल की जयंती की पूर्व संध्या पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगता के क्षेत्र में विशिष्ट काम करने वाले बीस लोगों को सम्मानित किया गया। परिषद के सचिव एन.के. शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार को दिव्यांगों के कल्याण के लिए मांग पत्र भी सौंपा गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर और पचास हजार रूपये के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

नवादा जिले के रजौली चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने एक कंटेनर ट्रक से कोडीन युक्त कफ सिरप की सोलह हजार आठ सौ बोतलें बरामद की है। ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन महिलाएं हैं। इनके पास से एक लाख बत्तीस हजार रुपये, सोने–चांदी के आभूषण और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

———————————————————————

सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहागपुर गांव के पास एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

सुपौल नगर थाना क्षेत्र के लोहिया चौक स्थित एक होटल में पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेलने के आरोप में दस लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह लाख पच्चीस हजार रुपये, मोबाईल फोन, एटीएम कार्ड समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

महिला और बाल विकास निगम के तत्वाधान में सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आज शेखपुरा जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा के पवित्र अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

02 राज्य सरकार सात निश्चय योजना के तहत बुर्जुग नागरिकों को उनके घरों तक पहुंचायेगी स्वास्थ्य सुविधाएं।

03. भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पटना उच्च न्यायालय में विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। कल अधिकांश जिलों में शीत दिवस की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।